हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

04 राहतः कुंडी टोल प्लाजा पर घटाया टैक्स



07 फसल खराबी व कर्ज से परेशान किसान ने...





## खबर संक्षेप

### मानसून अवधि में रेत उत्खनन पर मामला दर्ज

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के द्वारा जिले में मानसून अवधि में नदियों एवं स्वीकृत रेत खदानों से रेत उत्खनन प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जिले की खदानों का भ्रमण कर मानसून अवधि में रेत उत्खनन पर रोक लगायी गयी। खनन विभाग द्वारा जांच के दौरान रेत का अवैध उत्खनन पाये जाने पर संबंधित पुलिस थानें में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली नर्मदापुरम में 01, थाना देहात नर्मदापुरम में 01, थाना ईटारसी में 04, थाना पथरौटा में 01, थाना डोलरिया में 02, थाना सिवनीमालवा में 01, थाना माखननगर में 01 एवं थाना बनखेड़ी में 01 कुल 12 एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर कार्यवाही की गयी है। साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों पर मध्यप्रदेश खनिज के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 4.94 लाख अर्थदण्ड किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक, कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्र० खनि निरीक्षक आदि शामिल रहे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्र में चल रही अवैध क्लिनिक को किया सील

# 'कफ सिरप' की घटना से जागा जिला प्रशासन, ग्रामीण अंचलों में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

छिंदवाड़ा के कफ सिरप की घटना से सचेत होकर स्वास्थ्य विभाग ने झोला छाप डाक्टरों और उनके क्लिनिक पर कार्रवाइ की इस दौरान कई क्लिनिक को सील किया गया। हालाकि लंबे समय से गली मोहल्लों और ग्रामीण अंचलों में झोला छाप डाक्टरों द्वारा [बिना किसी वैद्य लायसेंस अथवा [डिग्री या डिप्लोमा के लोगों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है।

इस तरह के क्लिनिक सस्ता और आसान इलाज देने के कारण अधिकांश लोग इनपर इलाज कराने पहुंच जाते हैं लेकिन कई बार इन्हें दावाओं का विधिवत ज्ञान न होने के बाद भी लोगों को इलाज कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा इन लोगों पर लगाम लागते हुए अभियान शुरू किया गया। बुधवार ग्रामीण अचंलों में कार्रवाई की गई।

छिंदवाड़ा की घटना से सबल लेकर स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण अंचलों में छापामार कार्रवाई की इस दौरान कई क्लिनिक को सील भी किया।




### बिना डिग्री डिप्लोमा के चल रहा था क्लिनिक

दूसरी कार्रवाई डोलरिया के रामपुर गुर्रा में हुई, जहां अशोक कुमार बागची दो कमरों में पूरा अस्पताल चला रहा था। टीम के पहुंचने पर वहां दो मरीजों को ड्रिप लगी हुई मिली। अशोक बागची के पास भी इलाज करने के लिए कोई डिग्री या डिप्लोमा नहीं था। टीम ने यहां से एलोपैथी दवाएं जब्त कर क्लीनिक को सील कर दिया।

### इटारसी और डोलरिया क्षेत्र में किया निरीक्षण

टीन ने इटारसी और डोलरिया क्षेत्र में की गई छापेमारी में बिना डिग्री के इलाज कर रहे तीन झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक सील कर दिए गए। जांच के दौरान इन क्लीनिकों पर मरीजों को ड्रिप लगाते और एलोपैथिक दवाएं देते हुए पाया गया। टीम ने भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाएं भी जब्त की हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम सबसे पहले इटारसी के खेड़ा क्षेत्र में स्थित 'मां क्लीनिक' पर पहुंची। यहां तनमय गोस्वामी नाम का व्यक्ति खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों का एलोपैथी पद्धति से इलाज करते हुए मिला। जब टीम ने उससे डिग्री, डिप्लोमा या क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन मांगा तो वह कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया, जिसके बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया। डीएचओ-1 डॉ. सुजन सेंगर ने बताया कि जहां भी नियमों के अनुसार पात्रता और योग्यता संबंधित दस्तावेज नहीं मिले, उन क्लीनिकों को तुरंत सील किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### संचालक नहीं दिखा पाए कोई दस्तावेज

तीसरी कार्रवाई भी रामपुर गुर्रा में ही एक बेनाम क्लीनिक पर की गई। यहां पल्लव मंडल नाम का व्यक्ति बिना किसी डिग्री या योग्यता के डॉक्टरी कर रहा था। जब टीम ने उससे रजिस्ट्रेशन और योग्यता संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह घबरा गया। इसके बाद इस क्लीनिक को भी सील कर दिया गया।

# पत्नि ने हसिए से की पति की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के रोहना गांव में हुई हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। महिला ने मंगलवार (7 अक्टूबर) तड़के करीब 4 बजे पति का गला रेतकर उसे मार डाला। इसके बाद शव को घर से 20 मीटर दूर खेत में फेंक दिया। वारदात के समय घर में दंपती के 5 बच्चे सो रहे थे। गिरफ्तारी के बाद महिला ने पुलिस को बताया कि पति राजू अक्सर शराब के नशे में उससे और बच्चों से मारपीट करता था। रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सेवंतीबाई (28) ने अपने नशेड़ी पति राजू धुर्वे (32) की हंसिया से गला रेतकर हत्या की। मारने के बाद उसने शव को घसीटकर खेत में फेंका। बचने के लिए घर पर फैले खून को साफ कर दिया। इसके बाद वह सुबह करीब 8 बजे अपने पांचों बच्चों को लेकर हरदा जिले के सिराली गांव स्थित मायके चली गई थी। आरोपी सेवंती बाई ने पुलिस को बताया कि मेरे बच्चे बीमार हैं। उनके इलाज के लिए खेत मालिक से सोमवार को 500 रुपए उधार लिए थे। इन रुपयों से पति ने शराब पी ली और फिर रात में मारपीट की। इस दौरान मैंने सोचा कि मेरा जीवन तो वैसे भी खराब हो ही गया है। बच्चों का जीवन खराब नहीं होने दूंगी। देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि राजू धुर्वे हरदा जिले के सिराली का रहने वाला था और पिछले एक महीने से रोहना गांव में सुधीर कुमार चौहान के खेत पर मजदूरी कर रहा था। वह खेत में बने एक कच्चे मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि घर में पोंछा लगा हुआ था। सारे बर्तन साफ थे। कमरे का फर्श गीला था। उस पर पैरों के निशान थे। इससे पुलिस को शक हुआ कि हत्या घर में ही की गई है। एफएसएल टीम की जांच में खून के निशान भी मिले। समझते देर नहीं लगी कि हत्यारा कौन है।

# 24 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, कमरे में मिला मृतका का सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर की विनायक रेजिडेंसी में 24 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार दोपहर उसका शव कमरे में दुपट्टे से बने फंदे पर लटका मिला। मृतका के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है- जिंदगी से मैं थक गई हूं, मेरी मौत की जिम्मेदार मैं खुद हूं। पुलिस के मुताबिक मृतका अंजली कहार (24) पिपरिया की रहने वाली थी और होम प्रोडक्ट बनाने वाली दुकान में काम करती थी। वह विनायक रेजिडेंसी के कमरे नंबर 93 में किराए से रहती थी।

थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि अंजली के साथ काम करने वाले दोस्त संध्या और मनीष भी उसी बिल्डिंग में दूसरे कमरों में रहते हैं।गुरुवार सुबह करीब 6 बजे दोनों काम पर चले गए थे, उस समय अंजली के कमरे का दरवाजा बंद था।दोपहर 2 बजे लौटे तो दरवाजा अब भी बंद था।काफी देर तक आवाज देने पर भी जवाब न मिलने पर उन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। शाम 4 बजे परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा तोड़ा, अंदर खिड़की के पास अंजली का शव फंदे से लटका मिला।

पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें अंजली ने लिखा- जिंदगी से मैं थक गई हूं, मेरी मौत की जिम्मेदार मैं खुद हूं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अंजली का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है।शाम करीब 5:15 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक जांच में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि मोबाइल डेटा और सुसाइड नोट की लिखावट की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने नरवाई पराली जलानें अंकुश लगाने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने जिले में नरवाई/पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि सभी एसडीएम नरवाई प्रबंधन के संबंध में पुख्ता योजना बनायें। उन्होंने कहा कि जिले में पराली/नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाएं। इसके लिए सक्रिय नियंत्रण तंत्र विकसित करें और ऐसी घटनाओं पर विशेष फोकस कर निगरानी भी बढ़ाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की समस्त जनपद पंचायत सीईओ भी कृषि विभाग का सहयोग लेकर किसानों को पराली/नरवाई न जलाने की समझाइश दें।

# चित्रगुप्त मंदिर के मरम्मत कार्य को रोके जाने को लेकर कायस्थ समाज के सदस्यों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आस्था के केंद्र चित्रगुप्त घाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर में मरम्मत कार्य किया जा रहा है। लेकिन एक आवेदन पर एस आई जितेंद्र सिंह चौहान ने इस काम को रुकवाया ।

इसको लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन को पुलिस अधीक्षक के नाम समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा । इस मौके पर मंजू श्रीवास्तव, प्रीति, शीतल सक्सेना, सारिका सक्सेना, रश्मि वर्मा, उषा वर्मा, रश्मि सक्सैना आदि मौजूद थीं। ज्ञापन के माध्यम से



अवगत कराया की यहां पर जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा था। भगवान चित्रगुप्त का प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। छत और दीवारों में दरारें आने व बारिश के कारण पानी टपकने से मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य कायस्थ समाज की वरिष्ठ सदस्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू श्रीवास्तव के नेतृत्व में चल रहा था। कायस्थ समाज मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष मंजू श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली में पदस्थ श्री चौहान ने अपने अधीनस्थ आरक्षक को भेजकर मंदिर परिसर में चल रहे कार्य को रोकने के मौखिक आदेश दिए। इस कार्रवाई से कायस्थ समाज सहित अन्य श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया है। समाजजनों का कहना है कि मंदिर सौ वर्ष पुराना और अत्यंत चमत्कारिक है, जहां सभी समाजों के लोग भगवान चित्रगुप्त के दर्शन हेतु प्रतिदिन आते हैं। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कराई जाएगी जो भी दोषी होगा कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को भी ज्ञापन दिया।

# मासूम बच्चों की मौतो पर नगर कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च, मृतकों को दी श्रृद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर कांग्रेस नर्मदापुरम द्वारा छिंदवाड़ा मे हुई कफ सीरप से हुई नवजात मासूमो के दुःखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्थानीय स्तरसते से लेकर इंदिरा चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया एवं मौन धारण कर श्रद्धांजली अर्पित की गई समस्त कांग्रेसजनों द्वारा इस घटना के विरुद्ध प्रदेश सरकार के स्वास्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ला के इस्तीफ़े की मांग की गई कैंडल मार्च मे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गिरजाशन्कर शर्मा , चन्द्रगोपाल मलैया , नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी , अनोखी राजोरिया, महेन्द्र शर्मा, महेश पाण्डेय, अजय सैनी , फैज़ान उल हक़, अजीत बिष्ट,



अजय दुबे ,अरुण दीक्षित , राजेंद्र मिश्रा, संतोष तोमर, गुलाम हैदर, विजेंद्र राजपूत, गुलाम मुस्तफ़ा, राकेश दुबे, कमलेश बाथरे, सुरज तिवारी, रिजवान खान , हेमत चौधरी, जिज्जी जोसफ , कुलदीप राठौर ,प्रताप ठाकुर अमित खत्री, कपिल यादव , गुमान मांडले , प्रकाश यादव , राकेश तुमराम, ऋतिक चौहान, सत्यम तिवारी, डब्बू शर्मा , आयुष्मान अवस्थी, शैलेन्द्र तोमर, विक्की आर्या , बलवीर चौहान, लखन रघुवंशी, कांता मेहरा, ललित आर्या आदि उपस्तिथ थे

# अमानक उर्वरक पाए जाने विक्रय संस्था पर दर्ज हुई एफआईआर

### कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निदेशानुसार जिले में अमानक उर्वरक एवं खाद के विक्रय करने पर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त संबंध में शैलेन्द्र राठौर उर्वरक निरीक्षक सोहागपुर द्वारा मेसर्स श्रीवृंदा ट्रेडर्स, सोहागपुर की खाद बीज की दुकान से जिंक सल्फेट का नमूना विगत माह नमूना लिया गया था जो अमानक पाये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3. 7 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 19 का उल्लघंन होने पर प्रोपराइटर रामसहाय पटेल, मेसर्स श्रीवृंदा ट्रेडर्स, सोहागपुर की सोहागपुर थाने में गुरूवार 09 अक्टूबर को प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उर्वरक निरीक्षक शैलेन्द्र राठौर ने बताया कि मानक अनुसार जिंक सल्फेट के नमूने में 33 प्रतिशत जिंक तथा 15 प्रतिशत सल्फर होना अनिवार्य है। परंतु प्रयोगशाला से प्राप्त परिणाम में जिंक की मात्रा 1.14 प्रतिशत तथा सल्फर की मात्रा 2.52 प्रतिशत पाई गई। श्री राठौर ने बताया कि सोहागपुर विकासखंड में कृषि आदान विक्रेताओ के प्रतिष्ठानो का सतत निरीक्षण किए जाकर नमूने लिए जा रहे है। अमानक पाये जाने पर कार्यवाही की जा रही है।

# नागरिकों की समस्या का समाधान करने हुआ जनसुनवाई का आयोजन, आए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका में हुई जनसुनवाई के दौरान अनेक समस्याओं का समाधान किया गया। आज जनसुनवाई नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा की गई। उनका समाधान करने तथा जांच योग्य समस्याओं की जांच कराकर समाधान करने के निर्देश दिए गए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकार के निर्देश पर जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का लगातार निराकरण कर आम नागरिकों को राहत प्रदान की जा रही है। आज जनसुनवाई में आवदेक को



विवाह का पंजीयन प्रमाण पत्र तत्काल बनाकर दिया। साथ ही कुछ आवेदकों द्वारा राशन कार्ड से नाम समर्पण करने तथा नाम जोड़ने आदि हेतु आवेदन दिए गए जिन पर तत्काल कार्यवाही की गई। साथ ही नाली निर्माण, पानी निकासी, सफाई और अन्य समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान नपा में नेता पतिपक्ष अनोखे राजोरिया, पार्षद राहुल गौर, रेखा यादव पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, अतुल भंडारी, उपयंत्री अंबक पाराशर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शरद पूर्णिमा के अवसर पर हुआ महारास का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सर्व ब्राह्मण महिला संगठन नर्मदापुरम के द्वारा श्री बाँके बिहारी जी के सानिध्य में शरद पूर्णिमा की धवल चाँदनी एवं अमृतमय प्रकाश में महारास का आयोजन किया गया । जिनमें अधिक संख्या में विप्र महिलाओं ने सुख सौभाग्य के लिये प्रार्थना कर धर्म लाभ अर्जित किया । आनंदित महिलाओं ने बिहारीजी के संग फूल होली खेली एवं खीर प्रसादी पाई । कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन की संरक्षक श्रीमती मांडवी शर्मा, सफलता बाजपेई , आशा दुबे, ममता शर्मा, चेतना गुबरेले , वंदना शर्मा,भारती शर्मा, प्रेमा पांडे ,संध्या शुक्ला ,ज्योति पाराशर , संध्या बादल , रश्मि शर्मा मधु सहारिया आदि बड़ी संख्या में विप्र महिलाएँ उपस्थित रही ।

### सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस की पहल

# पुलिस की महिलाओं से अपील, करवा चौथ पर पति से मांगना चाहिए तीन वचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

इस करवा चौथ पर मातृ शक्ति यातायात जागरूकता के लिए अपने पति से तीन वचन मांगे। इसकी अपील सोहागपुर पुलिस द्वारा सड़क से बाइक पर जाती पति व पत्नी की जोड़यिों से लगातार की जा रही है। सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी के अनुसार वैवाहिक वचन दांपत्य जीवन को सुखद बनाते हैं। लेकिन महिलाओं से अपील की जा रही है कि इस बार करवा चौथ पर पति से लंबी उम्र, सुख, वैभव संपन्नता के तीन अतिरिक्त वचन लें। ताकि पति वचन पालन के लिए यातायात के नियमों का पालन करें। विदित हो कि सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान जारी है।




### चंद्रदर्शन पूर्व लें वचन

पुलिस द्वारा महिलाओं से अपील की जा रही है कि करवा चौथ पर चंद्रदर्शन के पूर्व तीन वचन वे पति से अनिवार्य रूप से लें। इन तीन वचनों में पहला वचन शराब पीकर वाहन ना चलाने का लें। दूसरा वचन चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वहीं तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण वचन यह लें कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। ये तीन वचन मिलने के बाद ही महिलाएं पति के हाथों से पानी पानी पिएं। क्योंकि इसके पीछे उद्देश्य एक व्यक्ति ही नहीं अपितु पूरे परिवार एवं मानव समाज की सुरक्षा का है। पुलिस की इस पहल की महिलाओं द्वारा सराहना की जा रही है।

### पटाखे अनुज्ञप्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन की आज अंतिम तिथी

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन ने दीपावली त्योहार के अवसर पर आतिशबाजी/पटाखे के कब्जे और विक्रय के लिए अस्थाई अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे ने बताया कि अस्थाई आतिशबाजी/पटाखे अनुज्ञप्ति के लिए इच्छुक आवेदन कर्ताओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं।आवेदनकर्ता को आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, पूर्व लाइसेंस (यदि हो), मोबाइल नंबर, आवेदित स्थल का पता प्रस्तुत करना होगा। आवेदन हेतु लाइसेंस के लिए निर्धारित शुल्क 600 रूपये है, जिसका ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आवेदक की आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

# स्वर्णकार समाज के सदस्यों ने मनाई अजमीढ़ जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर स्वर्णकार समाज संगठन माखन नगर द्वारा श्री अजमीढ़ देव जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

आयोजन समिति के प्रशांत सोनी एवं मुकेश सोनी ने बताया कि कन्या पूजन करने के उपरांत सभी वरिष्ठ सदस्यों रमेश सोनी, रमाकांत सोनी, महेश सोनी, दिनेश सोनी, महेश सोनी (सिंचाई विभाग) कैलाश सोनी, गणेश सोनी, अशोक सोनी, भगवानदास सोनी ,महेश सोनी (घुटनना) भगवानदास सोनी का फूल माला, शाल , श्रीफल से सम्मान किया गया एवं प्रतिभा सम्मान में अक्षत सोनी 10th में 96% एवं कुश सोनी 93% दोनो का शील्ड द्वारा सम्मान किया गया। संचालन मोहन सोनी एवं आभार एवं समापनअध्यक्ष तरुण सोनी द्वारा किया गया।सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बैतूल।** बैतूल-इंदौर नेशनल हाईवे पर बीती रात एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय योगेश रतन वरकड़े की मौत हो गई। योगेश, आलमपुर के रहने वाले थे, अपनी बाइक से भाई के घर जा रहे थे। पाठाखेड़ा के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पूर्व जनपद सदस्य डोमा सिंह ने बताया कि हादसे के बाद ढाबा संचालक ने घायल योगेश की सूचना दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में चिचोली अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। समाजसेवी राजेंद्र यादव ने बताया कि सीता डुंगरी से टेमा गांव तक का यह हाईवे बहुत खराब हालत में है और यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में इस मार्ग पर 50 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, लेकिन सड़क निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने घटना की सूचना पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस हाईवे की तत्काल मरम्मत और जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### 11 को लगेगा निःशुल्क कैंसर जांच शिविर

**बैतूल।** स्वास्थ्य की सुरक्षा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए लायंस क्लब बैतूल सिटी और एचसीजी कैंसर सेंटर नागपुर द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन शनिवार 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कुन्बी समाज मंगल भवन इटारसी रोड, सदर बैतूल में आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष बीआर कुबड़े ने बताया कि शिविर में अनुभवी फिजीशियन डॉ. सोनम साहू स्तन कैंसर की जांच और परामर्श प्रदान करेंगी। कैंसर सर्जन मनोवैज्ञानिक और कैंसर काउंसलर डॉ. कमलजीत कौर भी मौजूद रहेंगे, जो मुख कैंसर स्कैनिंग और एचपीवी टीकाकरण मार्गदर्शन देंगे। शिविर में निःशुल्क स्तन कैंसर जांच एवं परामर्श, मुख स्कैनिंग और परामर्श, ब्लड प्रेशर जांच, शुगर जांच, तथा एचपीवी टीकाकरण और मार्गदर्शन की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। विशेष रूप से इस शिविर के लाभार्थियों के लिए महिला एवं पुरुष कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज पर विशेष रियायती दरें भी रखी गई हैं। लायंस क्लब बैतूल सिटी की यह पहल समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शुरुआती चरण में बीमारी की पहचान के उद्देश्य से की जा रही है। आयोजन समिति ने बताया कि इस निःशुल्क जांच शिविर में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है।


### 5 दिनों में 2339 किसानों ने कराया पंजीयन

**बैतूल।** भावांतर भुगतान योजना के प्रति किसानों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। योजना प्रारंभ होने के पांच दिनों में ही 2339 किसानों ने पंजीयन कराकर शासन की इस किसान हितैषी योजना पर अपना विश्वास जताया है। गत वर्ष कुल 3256 किसानों ने सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन कराया था। इस वर्ष की शुरुआत में ही बड़ी संख्या में किसानों का जुड़ना योजना की लोकप्रियता और प्रभावशीलता को दर्शाता है। उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 92 हजार 937 हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन की फसल ली जा रही है। सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला एवं मंडी स्तर पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, किसान प्रतिनिधियों और मंडी व्यापारियों की बैठकें आयोजित की गई हैं। साथ ही प्रमुख स्थलों, मंडियों और पंजीयन केंद्रों पर योजना से संबंधित जानकारी वाले फ्लेक्स भी लगाए गए हैं। जिले में योजना के प्रभावी संचालन हेतु ए.डी.एम. को जिला नोडल अधिकारी तथा एस.डी.एम. को अनुभागीय नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम (दूरभाष क्रमांक 07141-299262) तथा मंडी स्तर पर शिकायत निवारण केंद्रों की स्थापना की गई है।


वाहन चालकों को अब मिली राहत, बदतर फोरलेन को लेकर लोग कर रहे थे विरोध

# राहतः कुंडी टोल प्लाजा पर घटाया टैक्स



नया टोल रेट



पुराना टोल रेट

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले के कुंडी टोल प्लाजा पर टोल टैक्स में 5 से लेकर 15 रुपए तक की कमी की गई है। दरअसल बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे की अधूरी और गड्ढों से भरी सडक के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने यह निर्णय लिया है। वैसे भी लंबे समय से चालक टोल टैक्स घटाने की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना था कि जब सडक पूरी नहीं बनी और जगह-जगह गड्ढे हैं, तब पूर्ण टोल टैक्स वसूली अनुचित है। टोल कर्मियों ने कम दरों की जानकारी नोटिस बोर्ड पर चस्पा भी कर दी है। यहा उल्लेखनीय है कि फोरलेन निर्माण कार्य धीमी गति से चलने और जगह-जगह खराब सडकों के कारण पिछले कई महीनों से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद सडक की हालत और भी खराब हो गई है। इस स्थिति में टोल वसूली का विरोध कई बार किया गया। अब टोल टैक्स में की गई कमी से नियमित रूप से गुजरने वाले वाहन चालकों को कुछ राहत तो जरूर मिली है, हालांकि चालक अब भी सडक सुधार कार्य में तेजी की मांग कर रहे हैं ताकि यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।

### छोटे वाहनों के 5 और बड़े वाहनों के घटे 15 रुपए

बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे की अधूरी और गड्ढों से भरी सड? के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कुंडी टोल नाके पर टोल टैक्स में 5 से 15 रूपये तक की कमी की है। पहले जहां कार को एक तरफ का 90 रुपए टोल टैक्स चुकाना पड़ रहा था, वहीं अब टैक्स घटाकर 85 रूपये कर दिया गया है। इसी तरह बड़े वहान 14 चक्का से अधिक वाले वाहनों को एक तरफ का 480 चुकाना पड़ता था, इसे भी घटाकर 465 रूपये कर दिया है। जिससे वाहन चालकों को राहत मिली है। बताया जा रहा है कि अब एक तरफ का लोडिंग एलसीबी वाहन को 140, बस और ट्रक को 295, आठ से 12 चक्का को 320 और 14 चक्का से अधिक वाले वाहन को 465 रुपए एक तरफ का टोल टैक्स चुकाना पड़ेगा।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा फायदा

*कुंडी टोल प्लाजा के मैनेजर योगेश मिश्रा ने बताया कि टोल प्लाजा के 20 किमी के परिधि क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों को टोल टैक्स कम होने का ज्यादा फायदा मिलेगा। बताया गया कि पहले एक माह के लिए 350 में निशुल्क टोल पास बनता था, जिसके लिए अब 340 रूपये ही लिया जायेगा। इसके अलावा एनएचएआई ने गत 15 अगस्त से 3000 रूपये शुल्क भरकर वार्षिक पास बनाने की स्कीम भी शुरू की है। जिसमें वाहन चालक एनएचएआई की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पेमेंट जमा कर एनुअल पास बना सकते हैं, जिससे 200 बार एक वर्ष में पूरे देश के किसी भी एनएचएआई टोल पर क्रासिंग की सुविधा रहेगी। टोल में कमी से स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। शाहपुर निवासी मोनू तिवारी का कहना है कि टोल के आसपास रहने वाले लोगों को दिन में कई बार टोल क्रॉस करके आना-जाना पड़ता है, अब स्थानीय लोगों को टोल टैक्स में कमी होने से फायदा मिलेगा।*

### टैक्स कम कर दिया है

*कुंडी टोल प्लाजा पर एनएचएआई ने टोल टैक्स में कमी कर दी है। नई दरें 4 अक्टूबर से लागू भी कर दी गई है। टोल टैक्स में कमी होने से वाहन चालकों में हर्ष का माहौल है।*

***योगेश मिश्रा**, मैनेजर, कुंडी टोल प्लाजा, शाहपुर*

### विधायक की नाराजगी के बाद अब बरेठा घाट सड़क मरम्मत कार्य ने पकड़ी रफ्तार



**बैतूल।** बारिश थमने के बाद बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर सडक मरम्मत का कार्य इन दिनों तेज गति से जारी है। विशेष रूप से बरेठा घाट क्षेत्र जो लंबे समय से जाम और खराब सडक के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था, वहां पर अब एनएचआई द्वारा त्वरित सुधार कार्य किया जा रहा है।हाल ही में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बरेठा घाट सडक की स्थिति पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री मनीष कुमार मीणा को निर्देश दिए थे कि घाट क्षेत्र में त्वरित कार्य शुरू किया जाए, ताकि जाम जैसी स्थिति निर्मित न हो और आमजन को राहत मिल सके। विधायक श्री खंडेलवाल के निर्देश के बाद अब मरम्मत कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। बरेठा घाट पर जगह-जगह सडक की मरम्मत, गड्ढों की भराई और किनारों की सफाई का कार्य मजदूरों की सहायता से किया जा रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए अस्थायी ट्रैफिक प्रबंधन भी किया गया है। विधायक खंडेलवाल ने एनएचआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सडकें जनता की जीवनरेखा हैं, इनकी खराब स्थिति से न केवल असुविधा होती है, बल्कि जानमाल का खतरा भी बढ़ता है। ऐसी स्थिति फिर से न बने, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा भी मरम्मत कार्य की सतत निगरानी की जा रही हैं।

सैंकडों जोड़े होंगे शामिल

# बालाजीपुरम में मनेगा सामूहिक करवाचौथ चौथ

### शाम 6 बजे से होगा कार्यक्रम आरंभ



**बैतूल।** हर साल की तरह इस साल भी शुक्रवार 10 अक्टूबर को बालाजीपुरम में करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें इस बार सैंकड़ों जोड़े शामिल होने की उम्मीद है। 10 अक्टूबर को होने वाले इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। भारत के पांचवें धाम श्री रुक्मिणी बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में करवा चौथ पर सामूहिक पूजन के साथ सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया है। पूर्णतः निशुल्क इस आयोजन में सभी दंपत्तियों को आमंत्रित किया गया है। भारत के पांचवें धाम में आयोजित इस आयोजन का आरम्भ शाम 6 बजे से भगवान बालाजी की संध्या आरती से होगा। इसके बाद शाम 7 बजे से बालाजीपुरम मंदिर में मुख्य व्दार से प्रवेश कर कृष्ण बगिया में सामूहिक पूजन का कार्यक्रम होगा। समय पर उपस्थित होने वाली सभी महिलाओं को पूजन सामग्री पूर्णतः निशुल्क दी जाएगी। इस पूजन में पति-पत्नी दोनों का आना अनिवार्य है। बालाजीपुरम मन्दिर प्रबंधन के अनुसार सामूहिक पूजन के लिए गुजरात से पंडितों का दल बैतूल आ चुका है। इसके साथ ही पूजन और सामूहिक भोज की तैयारियां भी पूर्ण हो चुकी हैं। चन्द्रोदय भी इस वर्ष 8 बजे तक हो जाएगा। चन्द्रमा को अर्ध्य चढ़ाने के बाद परंपरा अनुसार पति अपनी पत्नी के लिए थाली सजाकर लाएंगे और व्रत के बाद पहला कौर खिलाएंगे।

# सेक्टर बैठक में ग्रामीणों को बताया एक बगिया मां के नाम योजना का महत्व

### जनपद सीईओ के निर्देशन में साई खंडारा में हुई बैठक, महिलाओं को दिया स्वरोजगार का संदेश



**बैतूल।** ग्राम पंचायत साई खंडारा में जनपद पंचायत बैतूल की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी राय के मार्गदर्शन में सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एक बगिया मां के नाम योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपयंत्री प्रतीक विश्वकर्मा ने उपस्थित हितग्राहियों, कृषि सखियों और पंचायत प्रतिनिधियों को योजना की संपूर्ण जानकारी दी तथा कार्य प्रारंभ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में योजना से जुड़े सभी हितग्राही, कृषि सखी, सचिव रमेश इरपाचे, नंजू अखंडे, राजू नर्रे, गाडगे, धनराज बढ़ोदे, सहायक सचिव संजीव पाटिल, केशोराव पाटनकर, दिलीप काकोड्या, सरपंच अतुल कवडे, एनआरएलएम से योगेश मानेकर, हल्का पटवारी कन्हैया सिरसाम एवं जनपद सदस्य श्रीमती रामबाई पंद्राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपयंत्री प्रतीक विश्वकर्मा ने बताया कि एक बगिया मां के नाम योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही अपने घर के आसपास हरियाली विकसित कर अपनी आजीविका बढ़ा सकता है। बैठक में उपस्थित जनों ने योजना को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग देने का संकल्प लिया।

# आरएसएस प्रचारक से मारपीट के बाद दो पक्षों में बवाल

### पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने लाई



**बबैतूल।** मां ताप्ती के उद्गम स्थल मुलताई नगर में गुरुवार शाम को अचानक साम्प्रदायिक तनाव चरम पर पहुंच गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ धर्म विशेष के लोगों ने उस वक्त मारपीट की, जब वे किसी काम से नगर में निकले थे। बताया जा रहा है कि श्री यादव फव्वारा चौक से अपने दो पहिया वाहन से गुजर रहे थे, इस दौरान किसी को कट लगने की वजह से मुस्लिम युवकों से उनका विवाद हुआ और थोड़ी ही देर में हाथापाई की स्थिति निर्मित हो गई। अचानक हुए हमले से श्री यादव चोटिल भी हो गए है। जानकारी मिलते ही मौके पर दोनों पक्षों का हुजूम उमड़ पड़ा। तनाव को खत्म करने के लिए पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इस घटना के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना के बाद श्री यादव मुलताई थाने पहुंचे। आरोपियों को भी आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस थाने ले आई है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, आई जी मिथिलेश शुक्ला भी सूचना मिलते ही मुलताई के लिए रवाना हुए। अधिकारी द्वय इस पूरे मामले की जांच और इससे जुड़े प्रत्येक पहलू पर पड़ताल कर रहे है। वहीं टीआई देवकरण डेहरिया का कहना है कि में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, अभी कार्रवाई जारी है।

# सारनी में छात्राओं को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

### थाना प्रभारी ने बताए ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय




**सारनी।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में गुरुवार को छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकगणों को साइबर सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग के कारण साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जागरूक रहकर ही हम खुद को इन अपराधों से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, मैसेज या कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। बैंक संबंधित जानकारी, ओटीपी, एटीएम नंबर, पासवर्ड या आधार नंबर किसी के साथ साझा न करें। साथ ही सोशल मीडिया पर अनजान प्रोफाइल से दोस्ती करने से भी बचें। थाना प्रभारी ने छात्राओं को बताया कि साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को यह भी समझाया कि इंटरनेट का उपयोग पढ़ाई और सकारात्मक कार्यों के लिए करें, न कि गलत साइट्स या अफवाह फैलाने के लिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित, प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

# पोषण माह के तहत महिलाओं ने सीखे संतुलित आहार और स्वच्छता के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण सेक्टर बैतूल-2 के अंतर्गत टेमनी पंचायत में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से जिले में प्रारंभ होकर 16 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर पर्यवेक्षक अर्चना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया।

उन्होंने पोषण माह की थीम के अनुसार ग्रामवासियों को गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए समुदाय आधारित आईवायसीएफ परामर्श दिया। साथ ही लाभार्थियों को उम्रानुसार आहार, स्वच्छता तथा स्थानीय सामग्री से पौष्टिक भोजन तैयार करने के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर बने खाद्य पदार्थों से व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक अनाजों और पौष्टिक सामग्री से स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में श्रीमती सकून बारस्कर को टीएचआर की गुजिया, अंकुरित मूंग और बाजरे की रोटी के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। श्रीमती कविता खातरकर को रागी के लड्डु के लिए द्वितीय स्थान, वहीं श्रीमती नीतू मालेवार को चना सोया कबाब के लिए तृतीय स्थान मिला।इस अवसर पर टेमनी पंचायत की सरपंच श्रीमती हेमवती बड़ोदे, श्रीमती सुनीता बारस्कर, प्राइमरी शिक्षिका रीना राठौर सहित परियोजना कार्यालय के पर्यवेक्षक, बीसी और सेक्टर की समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संकट की घड़ी में मानसिक सहारा ही सबसे बड़ी ताकतः डॉ संदीप गोहे

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर सेव इंडियन फैमिली बैतूल (एसआईएफ बैतूल) द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन भोपाल में किया गया। कार्यक्रम में सेव इंडियन फैमिली बैतूल संस्थापक, पुरुष मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक एवं लेखक डॉ. संदीप गोहे ने संगोष्ठी का विषय एवं उद्देश्य प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और इसकी पहुंच समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से आपदा की घड़ी में होनी चाहिए।कार्यक्रम संयोजक मनोवैज्ञानिक, विकास हनवत ने आपदा, महामारी, युद्ध जैसी स्थितियों में उत्पन्न मानसिक संकट की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि ऐसी घडियों में मनोवैज्ञानिक सहायता कितनी जरूरी हो जाती है। रोली मिश्रा, निदेशक तक्षशिला इंस्टिट्यूट फॉर चाइल्ड डेवलपमेंट ने आपदाओं के दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और वृद्धजनों की मानसिक स्थिति के बारे में बताया। डॉ. कंचन माथनकर, सहायक प्राध्यापक, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन की प्रभावी रणनीतिया साझा कीं और बताया कि कैसे योजनाबद्ध प्रयासों से मानसिक संतुलन बनाए रखा जा सकता है। अनिल कलाधरन, प्रोफेसर, राजीव गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं निदेशक, तक्षशिला इंस्टिट्यूट फॉर चाइल्ड डेवलपमेंट ने मानसिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय बताए और समाज को इस दिशा में संगठित होकर काम करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षाविद, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

बेटे को गले लगाते ही छलक पड़े मां के आंसू

# 6 साल बाद माता-पिता से मिला 13 साल का बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के शाहपुर तहसील के ग्राम डूडर निवासी सरिता उइके के घर आखिरकार खुशियां लौट ही आईं, जब उन्हें करीब 6 साल बाद अपना बेटा गोविंद उइके वापस मिला। वर्ष 2019 में गोविंद अपने माता-पिता के साथ मजदूरी के लिए हरदा गया था, लेकिन वहां एक खेत मालिक ने उसे बंधक बना लिया था। बालक को उसके परिवार से अलग कर दिया गया था और यह पीड़ा पिछले छह वर्षों से परिवार के साथ थी। बालक को पहले हरदा फिर छिंदवाड़ा से श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) तथा जनसाहस संस्था की संयुक्त पहल से वापस लाकर परिवार से मिलवाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में जनसाहस संस्था की प्रतिनिधि पल्लवी टाकरकर द्वारा लगातार समन्वय और प्रयास किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बच्चा सकुशल अपने परिवार तक पहुंच सका। जनसाहस संस्था ने बताया कि गोविंद वर्ष 2019 में अपने माता-पिता के साथ हरदा गया था, जहां उसके माता-पिता ने एक खेत मालिक से 50 हजार रुपये की राशि अग्रिम में ली थी।

जब यह राशि नहीं लौटा पाए तो खेत मालिक ने उनके बेटे गोविंद को बंधक बना लिया। जब यह बात जनसाहस संस्था तक पहुंची तो संस्था ने तत्काल हरदा जिला प्रशासन और पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद दबाव बनाकर बालक को छुड़ाया गया। इस मामले में हरदा थाने में खेत मालिक के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। लेकिन, बालक के माता-पिता होने का कोई प्रमाण नहीं होने के कारण गोविंद को पहले छिंदवाड़ा भेजा गया। वहां जनसाहस संस्था के प्रयासों से करीब 15 दिनों में उसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया, और इसके आधार पर प्रशासन ने उसे बैतूल लाकर माता-पिता को सौंप दिया। गुरुवार को सरिता उइके और उनके पति गोविंद का पुनर्वास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला श्रम अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन मिला। बेटे को गले लगाते ही मां सरिता उइके की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि उनका बेटा उनके लिए एक बार फिर जीवन में उजाला लेकर आया है। उन्होंने जिला प्रशासन, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति छिंदवाड़ा, हरदा पुलिस और विशेष रूप से जनसाहस संस्था की पल्लवी टाकरकर तथा सभी मीडिया प्रतिनिधियों का आभार जताया।

**CHANGE OF NAME**
I, No 14428000A Rank HAV (OPR) Name MANOJ KUMAR resident at House No. 190 Vill. Joulkheda Post-Joulkheda, Teh. - Multai, Dist.- Betul, State-M.P., Pin-460661, have changed my Daughter's of Name From HIMANSHI To HIMANSHI PAWAR vide Affidavit dated 08/10/2025 before Notary Dist.- Betul (M.P.)

## लो फेट, लो शुगर तथा लो साल्ट व्यंजनों की सजाई प्रदर्शनी

**सोहागपुर।** केंद्र सरकार की योजना अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अंतर्गत लगातार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विविध आयोजन किये जा रहे हैं। जिनमें महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता के प्रयास किये जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने बताया कि इसी क्रम में गुरुवार को परियोजना स्तर का कार्यक्रम थीम अनुसार ग्राम लांघा बम्होरी में आयोजित किया गया। जिसमें पूर्ण पोषण युक्त व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, ग्रापं लांघा बम्होरी के सभी जनप्रतिनिधि, विभाग जिला कार्यालय से मनोज चौहान तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### लो है गुड फॉर हेल्थ

तिग्गा के अनुसार व्यंजनों में इस बात का ध्यान रखा गया कि कम वसा, कम चीनी अर्थात शकर एवं कम नमक युक्त व्यंजन प्रदर्शनी में सजाए गए। कम नमक, कम तेल कम चीनी के उपयोग से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने ग्रामवासियों को जानकारी दी। ग्रामवासियों को बताया गया कि लो शुगर, लो साल्ट व लो आईल अर्थात कम शकर, कम नमक तथा कम तेल युक्त भोजन स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

### सरकारी अस्पताल एवं प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स पर कफ सीरप बावत पूछताछ जारी

# कफ सीरप घटनाक्रम का डर पहुंचा ब्लॉक स्तरों तक, सोहागपुर एसडीएम ने की जांच

इन दिनों मप्र में जानलेवा कफ सिरप मामला चर्चाओं में है। लेकिन कुछ ही वो प्रशासनिक अधिकारी हैं जो मामले में स्वविवेक से जांच कर रहे हैं। सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने गुरुवार को सोहागपुर अस्पताल सहित निजी मेडिकल स्टोर की जांच की है।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

कफ सिरप का डर अब ब्लॉक लेवल तक पहुंच चुका है। मामले में सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने गुरुवार को शासकीय अस्पताल में कफ सिरप बावत पूछताछ की है। इस दौरान हरिभूमि संवाददाता ने सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी से चर्चा की। उन्होंने बताया कि दरअसल वे 'परख अभियान' अंतर्गत शासकीय अस्पताल की जांच करने आई थीं। लेकिन इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में कफ सिरप उपलब्धता की जानकारी ली तो ज्ञात हुआ कि सोहागपुर अस्पताल में अभी सिरप नहीं है। चिकित्सकों से भी एसडीएम ने बात की, तो उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बाजार के कफ सिरप प्रिस्क्राइब नहीं कर रहे हैं। जरूरत पर उचित गुणवत्ता वाले कफ सिरप की बोतल मरीज को खरीदने की बोलते हैं। एवं अस्पताल लाकर उक्त बोतल दिखाने के निर्देश भी मरीजों को दिए जाते हैं।

### पहुंची मेडिकल स्टोर

अस्पताल में जांच उपरांत एसडीएम भल्लावी एक प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स पहुंची। एसडीएम भल्लावी ने बताया कि क्षेत्र के सभी प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स पर कफ सिरप उपलब्धता की जांच होगी। एक स्टोर पर उपलब्ध सभी कंपनियों के सिरप की बॉटल्स उन्होंने देखी व मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट की भी विस्तार से जांच की है।

### दिखाओ बिलिंग रजिस्टर

इस दौरान मेडिकल स्टोर पर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने कफ सिरप के स्टॉक की पंजी मांगी। स्टोर कर्मी ने बताया कि स्टॉक पंजी नहीं है, लेकिन बिल उपलब्ध हैं। जिसके बाद भल्लावी ने सभी बिलों की जांच की एवं देखा कि प्रतिबंधित कफ सिरप से संबंधित कोई बिल उपलब्ध तो नहीं है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर्स की जांच होगी।

**करेंगे जांच**

"परख अभियान अंतर्गत अस्पताल की जांच की। वहीं कफ सिरप की भी जानकारी ली। सिरप को लेकर सभी मेडिकल स्टोर्स की जांच कराएंगे। प्रतिबंधित दवा मिलने पर कार्रवाई भी होगी।"-
**प्रियंका भल्लावी, एसडीएम सोहागपुर।**

## विधायक डॉ. शर्मा ने सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

वार्ड क्रमांक 26 में हनुमान मंदिर के पास सड़क निर्माण का भूमिपूजन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे।

भूमिपूजन से पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा, 9 लाख रुपये से रोड का निर्माण हो रहा है। सड़क चौड़ी करनी है। अध्यक्ष जी ने अपने वार्ड में भी चबूतरे तोड़े हैं, यहां भी व्यवस्थित करेंगे। विधायक ने कहा आपने 75 साल बाद तीन पार्षद दिए हैं। आप जानते हैं कि कांग्रेस के समय नाला मोहल्ला के नाम से ही जाना जाता था, अब वीर भगत सिंह नगर नाम है। नपा में सरकार तो उनकी भी थी, राज्य में भी उनकी सरकारें थीं, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। अब हम काम कर रहे हैं, जबकि वे केवल प्रेस वार्ता करते हैं। पुराने जमाने में नेता सीमेंट गिट्टी खा जाते थे, ये वही थे। पार्षद भी थे और सड़क बनाते थे। इसलिए खोजनी पड़ती है कि कहां सड़क बनाई। आप ध्यान रखें, दो साल बाद नपा के चुनाव हैं। अगर तीन पार्षद नहीं देते तो पंकज जी अध्यक्ष नहीं बन पाते।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा, वार्ड 24, 25, 26 में कुल 1.33 करोड़ रुपये के काम हुए हैं, जिसमें 26 नंबर वार्ड में 51 लाख रुपये के कार्य हुए और जारी हैं। उन्होंने कहा अपने चबूतरे अंदर रखें, स्पीड ब्रेकर न बनाएं और नाली में सड़क का पानी जाने दें। अगर सड़क पर पानी रुका तो हमें सीआरएम डालनी पड़ती है। निर्माण कार्यों की निगरानी और निरीक्षण करें। भूमिपूजन में वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अठोत्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण गोकुल पटेल, स्थानीय पार्षद कुंदन गौर, नाजिया बेग, शुभम गौर, मंजीत कलोसिया, जिमी कैथवास, रवि तिवारी, कमलेश गौर सहित अन्य मौजूद थे।

## सचिव की कार्यप्रणाली से परेशान सरपंच सहित ग्राम की महिलाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



ग्राम पंचायत तरौनकला की सरपंच रुक्मणी पुरवइया एवं लगभग 2 दर्जन महिलाओं ने सचिव किरण कहार को हटाने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को आवेदन दिया है। जिसमें महिलाओं का आरोप है। सचिव तबादला के बाद पंचायत में आती ही नहीं है। तथा लोगों से बात नहीं कर तथा मिलती भी नहीं है। तरौन खुर्द में पानी की समस्या है।

तरौनकला मैं भी मोटर जली पड़ी है पीनेवाला पानी भी नहीं है। साफ-सफाई नहीं है। यहां तक 15अगसत 2025को पंचायत में नहीं पहुंची सचिव। सरपंच की बात मानतीं नहीं है। किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। पंचायत के विकास बंद पड़े हैं। इस तरहकी शिकायत दर्ज कराई गई है। उसके बाद सरपंच ने बताया कि जनपद पंचायत से कंम्पयूटर आपरेटर ने एक पत्र दिया है। जिसमें किरण कहार ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी को पूर्व में आवेदन दिया गया था। जिसमें जनपद पंचायत में अटैचमेंट करने की मांग कीहै। लेकिन जनपद पंचायत क्षेत्र सीईओ प्रबल अरजरिया ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था। लेकिन अभी तक जनपद पंचायत के कर्मचारी वर्ग ने उस पत्र को दबा कर रखा। लेकिन सरपंच की शिकायत दर्ज के बाद सचिव किरण कहार ने जनपद पंचायत में अधिकारी को काम करने राशि आहरण करने के लिए सरपंच को सूचना दी गई थी। लेकिन सरपंच सचिव को हटाने को लेकर अडी है। सचिव किरण कहार ने कहा कि उनका बच्चा छोटा होने के कारण तरौनकला जाने में परेशान हैं।

## कॉलेज में तीन दिवसीय युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शहीद भगतसिंह कालेज में 3 दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। शुरुआत करने वाले प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी ने प्रेरणादायक भाषण दिया सामाजिक प्रभावी प्रकाश डाला।डा एस के मेहरा ने संबोधित किया। प्रभारी डॉ अनीतासेन ने कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रथम दिवस एकल नृत्य, समूह नृत्य में प्रथम दुर्गा कहार दुसरे प्रियांसीपटेल ऋतिका उमरे ने प्राप्त किया। भाषणों में विकल वाथरेपहला, दुर्गेश सूर्यवंशी दुसरे चंद्रेश सराठे तीसरा, समूह नृत्य में प्रथम रीना अहिरवार दुसरे निहारी परतें ने प्राप्त किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ग्रामीण आंगनबाड़ियों में बदहाली का आलम, न बिजली, नहीं पानी-शौचालय की उचित व्यवस्था

### निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मिली अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया




जनपद पंचायत क्षेत्र की रामपुर सेक्टर में पंचायत कनहवार में 2आंगनवाडी केंद्र है। जिसमें 1नंबर आंगनबाड़ी केंद्र पर अनमितता काफी है। लाइट पानी शौचालय अलमारी सहित कुछ भी नहीं है। बैठक व्यवस्था नहीं है। 26बच्चे हैं पर कोई सुविधा नहीं है। लगभग 3माह से टेक होम राशन वितरण नहीं किया गया है।एक ही कमरा है जिसमें जीम का सामान है । फरस खराब है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित में थी। सहायिका ने बताया कार्यकर्ता अवकाश पर हैं।इसी तरह से 2नंबर आंगनबाड़ी केंद्र पर सामने घास फूस पेड़-पौधे लगा हुआ है। पंचायत सफाई व्यवस्था नहीं कराती है।10बचचे दर्ज है पर लगभग 84बचचे आतेहै प्रायवेट विद्यालय के भी आते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिपरिया से अनिता पठारिया आती है। सहायिका मौके पर मिली। पीने के पानी का जेड पंप है पर मोटर जली पड़ी है। मैदान ठीक नहीं है। शौचालय निर्माण कार्य नहीं किया गया है। अलमारी सहित कुछ भी नहीं है। खिलौनों के नाम पर कुछ नहीं है।लाइट पंखे भी नहीं है। समूह के द्वारा मिनू अनुसार नास्ता , भोजन नहीं दिया जा रहा है।इस बारे में परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि टेक होम राशन लगातार नहीं आता है। लाइट लगाई जावेगी। जो भी सुधार होगा करवा दिया जाएगा।

## सेना के जवान का हुआ गृहग्राम गुजर वाड़ा में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर




माखन नगर ग्राम गुर्जर वाडा के दिनेश कुमार यादव राष्ट्रीय रेजीमेंट में सैनिक के पद पर ड्यूटी कर रहे थे उनका अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ कई दिनों तक इलाज चला इलाज के दौरान मंगलवार को उनका निधन हो गया शहीद दिनेश यादव की पार्थिव देह को सेना के अधिकारी सेना के वाहन में गृह ग्राम गुजरवाड़ा लेकर आए ग्रामीणों को जैसे ही यह खबर लगी पूरा गांव शोकमग्न हो गया। सेना के अधिकारी कर्नल प्रसाद ने बताया दिनेश राष्ट्रीय रेजीमेंट में ड्यूटी पर थे उनकी तबीयत बिगड़ी और मंगलवार को निधन हो गया अंतिम यात्रा शहीद दिनेश यादव के घर से निकाली गई।

अंतिम यात्रा में शामिल लोग भारत माता की जय एवं शहीद दिनेश यादव अमर रहे का नारा लगाते चल रहे थे अंतिम संस्कार में मौजूद जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने शहीद दिनेश कुमार को सैल्यूट किया उपस्थित लोगों ने शहीद दिनेश यादव को श्रद्धांजलि दी।

## कॉलेज में हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार आयाजित, कई वक्ताओं ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ नीता चौबे के निर्देशन में भूगोल विभाग के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का शीर्षक ₹ भारत में जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता₹ था।

कार्यक्रम आयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वेबिनार के मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से डॉ देवकीनंदन भट्ट और जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा से डॉ अनुराग पांडे वेबिनार में आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। ततपश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे व शासकीय अग्रणी ग्रह विज्ञान कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने वेबिनार के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। मुख्य वक्ता डॉ देवकीनंदन भट्ट ने जैव विविधता की परिभाषा देते हुए प्रकारों पर चर्चा की, डॉ भट्ट ने चेट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उयोग पर कहा कि इस पर आश्रित न रहते हुए इसका उपयोग सही दिशा में होना अत्यंत आवश्यक है। आपने रि यूस, री साइकल और री ड्यूस पर चर्चा की। स्वच्छ भारत मिशन और नमामि गंगे, उत्पादन एवं उपभोग का सम्बंध, चिपको आंदोलन, निस्तारण प्रक्रिया, एजुकेशन अवेरनेस प्रोग्राम और इनवायरमेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर आपने विचार प्रस्तुत किये। दूसरे मुख्य वक्ता डॉ अनुराग पांडे ने जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का सम्बंध भारतीय ज्ञान परम्परा से जोड़कर धार्मिक महत्व बतलाया।

आपने संस्कृति व प्रकृति का परिचय देकर कहा कि ये मानव जीवन के दो पहलू हैं। प्रकृति जन्म से प्राप्त होती है व संस्कृति मनुष्य अपने अनुभवों से प्राप्त करता है। आपने ऋग्वेद, अथर्ववेद, श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का अर्थ बतलाते हुए कहा कि ये श्लोक प्रकृति के संरक्षण को दर्शाते हैं। जल, अग्नि, वायु, सूर्य, वृक्ष और पशुओं की पूजा का महत्व भी बताते हुए हिन्दू त्योहारों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

### शुरू हुई फेस एंड बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम



**सोहागपुर।** नपकर्मियों की अटेंडेंस अब आधार इनेबल्ड तथा फेस रिकग्नीशन सहित बायोमेट्रिक होगी। जिसमें गत दिनों मशीन पर आधार नंबर पंजीकृत किये जा चुके हैं। गुरुवार को सीएमओ कार्यालय के समीप दीवार पर मशीन लगाई गई है।जिसमें नियमित ही कर्मचारी का चेहरा अटेंडेंस मशीन का फ्रंट कैमरा देखेगा, इसे इंटरनल डाटा से मैच करेगा व उसके बाद ही कर्मचारी की उपस्थिति मान्य होगी। गत सप्ताह कर्मचारियों को प्रशशिक्षण दिया जा चुका है। तथा फेस बेस्ड अटेंडेंस प्रारंभ हो चुकी है।

## भाकिसं ने समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर की बैठक कृषि उपज मंडी माखन नगर में गुरुवार को रखी गई बैठक में संगठनात्मक चर्चा करने के उपरांत तहसील में आ रही किसानो की समस्याओं को लेकर जिलाधीश के नाम का ज्ञापन तहसीलदार महेंद्र सिंह चौहान को दिया गया। संपूर्ण तहसील में अधिक वर्षा और तेज हवा के कारण सोयाबीन धान और मक्का की फसल में भारी नुकसान हुआ है सर्वे करा कर शीघ्र क्षति पूर्ति राशि दी जाए एवं बीमा राशि का लाभ दिलाया जावे। बार-बार शासन प्रशासन को ज्ञापन और बैठक के माध्यम से अगवत कराने के उपरांत भी तहसील में खाद की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है शीघ्र निराकरण कर किसानो की मांग अनुसार डीएपी एवं यूरिया का भंडारण सुनिश्चित किया जावे एवं सहकारी समितियां से वितरण का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जावे। तहसील अंतर्गत समस्त विद्युत सर्विस स्टेशनों के सभी फीडरो पर रवि सीजन को ध्यान में रखते हुए समय पूर्व रखरखाव का कार्य किया जावे जिससे रवि सीजन में किसानों को निर्वाध रूप से विद्युत प्रदाय की जा सके। समर्थन मूल्य धान खरीदी के पंजीयन की तिथि 10 दिवस बढाई जावे। समय पूर्व नहरो की साफ सफाई का कार्य एवं मरम्मत कार्य किया जावे।

### आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों को दी गई अहम जानकारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन और आर्ट ऑफ लिविंग ट्रस्ट द्वारा शा. सांदीपनि उच्च.मा. विद्यालय माखन नगर के कक्षा 9वी और 10 वी के विद्यार्थियों के लिए मेघा लेवल-1 कार्य शाला का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक अंशुल जैन और संस्था की राज्य स्तर से प्रशिक्षित शिक्षिका रानी पटेल द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रक्रियाओं के अभ्यास सिखाये जा रहे हैं। उनके द्वारा बताया गया कि इन प्रक्रियाओं के नियमित अभ्यास से बच्चों के मन से भय,आत्मविश्वास की कमी,क्रोध और हताशा से निपटने की क्षमता का विकास होता है। प्रतिदिन आयोजित हो रहे इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में प्राचार्य के.के.दुबे,प्रधान पाठिका उर्सुला बल्लाल और अन्य शिक्षक उपस्थित हो रहे हैं।

## शरद पूर्णिमा पर देवी दुर्गोत्सव समिति ने किया सहभोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहर के राजेंद्र वार्ड में गत पांच दशकों से श्रीदेवी दुर्घटना परिवार द्वारा शारदीय नवरात्र पर दुर्गा प्रतिमा स्थापना की जाती है परंपरा अनुसार शरद पूर्णिमा पर समिति की ओर से सभी पारिवारिक सदस्यों के साथ साहब हो जाएं किया जाता है इसी क्रम में बुधवार रात स्थानीय डेनवर गार्डन में समिति की ओर से सहयोग आयोजन किया गया साथ ही इस वर्ष के दुर्गा उत्सव आयोजन को लेकर समीक्षा भी की गई एवं आने वाले वर्ष में और अधिक उत्साह बताइए यारी के साथ दुर्गा उत्सव मनाने पर चर्चा की गई इस दौरान समिति के सभी वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुरोहित को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**भौरासा।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक राम श्रीवास्तव एवं सह समन्वयक के.पी. अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पुरोहित को जन परिषद का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष बने। वर्तमान मे आप मालवा के सह संयोजक आपने संयोजक बनने के बाद 29 चैप्टर का गठन किया। आपकी उपलब्धि पर आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सोपा गया। आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर नाना गुरु,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी,मनोज जोशी, पत्रकार अभय नागर,संतोष गोस्वामी ,जीवन सिंह ठाकुर, नरेंद्र माली,शिवा मित्तल, आनंद सिंह दरबार,अजहर खान, अंकित मालवी आदि ने बधाई दी।

## सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने किया नि:शुल्क नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम शिवपुर तहसील माखन नगर के सास की उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा नेत्र परीक्षण शिवर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर आर के शास्त्री नेत्र सहायक अतुल पटेल, अमरचंद, सुश्री सेजल राज जांगड़े ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर नेत्र रोग संबंधी जानकारी दी विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य जी एस ठाकुर, वरिष्ठ अध्यापक आर शर्मा, हेमलता रमन, आशिक खान, शेर सिंह यादव, शोभा परते ,दीपक इंग्ले, जितेंद्र सैनी, लोकेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### 91 आवेदकों का प्राथमिक चयन हुआ

**हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को शासकीय आईटीआई हरदा में ह्युयुवा संगमह्ल रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में तीन कंपनियों ने भाग लेकर कुल 91 बेरोजगार आवेदकों का प्राथमिक चयन किया। मेले में 140 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। मेले में काउंसलर्स द्वारा उपस्थित 35 युवक युवतियों की करियर काउंसलिंग कर व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा 28 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### अवैध मदिरा के विक्रय के विरुद्ध 5 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के टंकी मोहल्ला, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, बैरागढ़ व ग्राम एड़ाबेड़ा में दबिश देकर कुल 31 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलो महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किये।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 16 तक

**सीहोर।** मिशन पोषण 2.0 के तहत मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन आठवाँ पोषण माह होगा, जिसमें राज्य, जिला, परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर तक सामुदायिक सहभागिता से थीम-आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी।

### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता।

किसान काफी दिनों से तनाव में था, , विधायक परिजनों से मिली

# फसल खराबी व कर्ज से परेशान किसान ने कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

पंधाना क्षेत्र के ग्राम दीवाल में फसल खराबी और कर्ज के दबाव से परेशान किसान मदन कुमरावत (40) ने खेत पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वह मंगलवार शाम से लापता था, बुधवार सुबह उसका शव खेत में कुएं के पास मिला। पुलिस जांच में प्रारंभिक कारण आर्थिक तंगी सामने आया है। परिजन ने बताया कि इस साल सोयाबीन की फसल पूरी तरह खराब हो गई थी। एक दाना तक घर नहीं आया, पूरी फसल खेत में ही मवेशियों को चरा दी गई। इसी को लेकर मदन काफी दिनों से तनाव में था। उस पर सोसाइटी, साहूकारों और कुछ रिश्तेदारों का करीब 2 लाख रुपए का कर्ज था।



#### लगातार चार साल से फसल नुकसान

परिजनों के मुताबिक पिछले चार वर्षों से फसल लगातार खराब हो रही थी। इस साल किसान को उम्मीद थी कि उत्पादन अच्छा होगा, लेकिन पहले सूखे और बाद में अतिवृष्टि से फसल बर्बाद हो गई। मदन के पास एक हेक्टेयर जमीन थी जिसमें मक्का बोया गया था, जबकि पिता और भाइयों की 8 एकड़ जमीन पर सोयाबीन की फसल थी। इस बार हुए भारी नुकसान से वह टूट गया।

#### मुआवजे के नाम पर कुछ नहीं मिला

परिवार का कहना है कि फसल नुकसानी का सर्वे तो हुआ, लेकिन अब तक किसी तरह की राहत राशि नहीं मिली। मदन के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। आर्थिक तंगी के कारण दोनों बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूट गई। बेटा कुछ समय से मामा के घर रह रहा था और हाल ही में घर लौटा था।

#### प्रशासन की जांच जारी

पंधाना टीआई दिलीप देवड़ा ने बताया कि शुरुआती जांच में किसान द्वारा कीटनाशक पीने की बात सामने आई है। आत्महत्या की वजह फसल नुकसानी और कर्ज मानी जा रही है। डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले के अनुसार, जिले में फसल नुकसान का सर्वे जारी है। अब तक 590 किसानों की सूची बनाई गई है, जिनमें अधिकांश पंधाना और खालवा क्षेत्र के हैं। राहत राशि तहसीलदारों द्वारा किसानों के खातों में डाली जा रही है, हालांकि अब तक वितरित राशि का सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

#### किसानों का धरना जारी

इधर, संयुक्त कृषक संगठन के बैनर तले खंडवा के किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसान बर्तन, चूल्हा और राशन लेकर पहुंचे हैं। उनका कहना है कि सरकार ने सर्वे अधूरा किया और केवल 490 किसानों को पात्र बताया गया, जबकि वास्तविक नुकसान इससे कहीं अधिक है। किसानों का कहना है कि प्रति एकड़ सोयाबीन की फसल में 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ, जबकि सरकार ने किसी को एक हजार तो किसी के खाते में मात्र चार हजार रुपए की राशि डाली है।

#### *विधायक छाया मोरे ने जताया दुख*

*घटना की जानकारी मिलते ही विधायक छाया मोरे गांव पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और जो भी कारण सामने आएगा, उसके अनुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार किसान परिवार के साथ है।*

मदद के लिए सीएम को लिखा पत्र

## जिले में 1100 करोड़ की फसल बर्बाद : जैसानी



**हरदा।** जिले में भारी वर्षा और जलभराव के कारण इस वर्ष की प्रमुख फसलेंझसोयाबीन और मक्काझपूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। किसान नेता शांति कुमार जैसानी ने इस विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और तत्काल राहत एवं मुआवजा देने की मांग की है। हरदा जिले में लगभग 1 लाख 80 हजार हेक्टेयर में खेती होती है, जिसमें मुख्य रूप से सोयाबीन और मक्का बोई जाती है। इस बार प्राकृतिक आपदा के कारण जिले में करीब 1100 करोड़ रुपए की फसल बर्बाद हो चुकी है। जैसानी ने कहा कि हर साल किसान दीपावली से पहले यही फसल मंडी एवं सरकार को बेचता है, जिससे जिले का आर्थिक चक्र चलता है। लेकिन इस वर्ष फसल बर्बाद होने से किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी प्रभावित हुए हैं। उनहोंने किसानों के हितों में सरकार से कई मांगे की है। जिले में न्यूनतम 500 करोड़ रुपए का मुआवजा तत्काल दिया जाए। किसान क्रेडिट कार्ड एवं बीमा योजनाओं के माध्यम से 1100 करोड़ रुपए से अधिक की प्रीमियम राशि जमा की है, अतः बीमा कंपनियों को निर्देश देकर पूर्ण बीमा राशि किसानों को दिलाई जाए। अगली फसल के लिए किसानों को उत्तम क्वालिटी का बीज निःशुल्क या अनुदान पर उपलब्ध कराया जाए। डीएपी और यूरिया जैसे खाद बिना किसी लाइन और संकट के किसानों को समय पर उपलब्ध कराए जाएं।

## प्रेक्षक 14 से 19 अक्टूबर तक जिले में रहेंगे

**हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2025 के पर्यवेक्षण के लिये आयोग द्वारा आर.आर. वामनकर को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री वामनकर 14 से 19 अक्टूबर तक हरदा के प्रवास पर रहेंगे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने आदेश जारी कर प्रेक्षक के प्रवास के दौरान व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होने प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा को प्रेक्षक के सहायक व लाईजनिंग ऑफिसर का दायित्व सौंपा है।

## प्राकृतिक व जैविक खेती वाले किसानों के उत्पादों के लिए आउटलेट स्थापित करें

कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक कृषि, तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर जैन ने निर्देश दिए कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों के विपणन हेतु आउटलेट स्थापित किए जाएं, ताकि उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहित किया जाए एवं समय-समय पर पुरस्कृत किया जाए, जिससे अन्य किसान भी जैविक खेती की ओर अग्रसर हों। कलेक्टर जैन ने यह भी निर्देशित किया कि प्राकृतिक/जैविक खेती करने वाले किसानों को निजी आदान विक्रेताओं के माध्यम से उत्प्रेरित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इस दिशा में जुड़ सकें।

#### डॉक्यूमेंट्री या पॉडकास्ट प्रदर्शित किए जाएं

उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों में जैविक खेती से संबंधित डॉक्यूमेंट्री या पॉडकास्ट प्रदर्शित किए जाएं, जिससे किसानों में जागरूकता बढ़े। प्रत्येक विकासखण्ड में प्राकृतिक/जैविक खेती करने वाले अथवा रुचि रखने वाले किसानों को जैविक कृषि अनुसंधान केन्द्रों या प्रगतिशील किसानों के खेतों पर भ्रमण एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री जैन ने आगे बताया कि पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर तीनों विकासखण्डों में रैली आयोजित करें, जिससे किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया जा सके।

#### किसानों के लिए हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है

साथ ही, कार्यालय उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला हरदा में प्राकृतिक/जैविक खेती करने वाले किसानों के लिए हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है, जहाँ किसान मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित गौशालाओं में बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित करने के निर्देश भी कलेक्टर श्री जैन द्वारा दिए गए, जिससे जैविक खेती के लिए आवश्यक सामग्री स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा सके। इस बैठक का उद्देश्य जिले में प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को एक जन आंदोलन के रूप में विकसित करना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है।

तुलादान के सिक्कों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केंद्र में दान करेंगे

## नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में एक क्विंटल 11 किलो सिक्कों से कमल पटेल का तुलादान, पहनाया चांदी का मुकुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल का जन्मदिन हरदा शहर की जनता एवं भाजपा कार्यकताओं ने अपार उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान हरदा नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया के नेतृत्व में एवं भाजपा पार्षद द्वारा एक क्विंटल ग्यारह किलो सिक्कों से उनका तुलादान किया।

इस दौरान चांदी का मुकुट पहनाकर शाल-श्रीफल से स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया ने बताया कि कमल पटेल ने तुलादान के सिक्कों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केन्द्र में दान करने की मंच से घोषणा की। जिससे गरीबों को भोजन की सुविधा मिलेंगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल,भारतीय जनता पार्टी के पार्षद लोकेश राव मराठा, कुंवर



सिंह सानिया, मनोज महलवार, ओमप्रकाश मोरछले, शुभम इवने, दिनेश मौर्य, रामेशर सारण, एवं पार्षद प्रतिनिधि देवीसिंग सांखला नर्मदा प्रसाद चौरसिया, महेंद्र प्रजापति, सुनील बघेला, कैलाश कुचबंदिया, सहित भाजपा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया राजस्व अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन का निरीक्षण



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित डिजिटलाइजेशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियों को डिजिटलाइजेशन कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एएसएलआर शिव कुमार मण्डलोई, शिवलता जोशी, सुषमा तिवारी एवं सरवन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खंडवा बाल संप्रेक्षण गृह से फिर 6 बाल अपचारी फरार




**खंडवा।** बाल संप्रेक्षण गृह से एक बार फिर छह बाल अपचारी फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ये सभी चोरी, अपहरण, लूट जैसी गंभीर धाराओं में आरोपित हैं। घटना रात में हुई जब बालक बाथरूम की दीवार तोड़कर भाग निकले। कर्मचारियों को इसकी जानकारी सुबह मिली। करीब तीन माह पहले भी इसी गृह से पाँच बच्चे फरार हुए थे, जिनमें से दो अब तक लापता हैं। हर बार बच्चों के भागने का तरीका समान होने से स्पष्ट है कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक, कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पहले भी ऐसी घटनाओं पर बाल विकास अधिकारी को नोटिस देकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

सिरप की उपलब्धता जांच की

## प्रतिबंधित औषधियों की जांच जारी कफ सिरप के नमूने लिए



**खंडवा।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले में स्थित सभी मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित औषधि कोलड्रिफ और नास्ट्रो-डीएस कफ सिरप की उपलब्धता की सघन जांच की जा रही है। औषधि निरीक्षक मंजीत जामले ने बताया कि जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स से सर्दी-खांसी में उपयोग होने वाले कफ सिरप के नमूने लेकर उन्हें औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अब तक जिले में सर्दी-खांसी में प्रयुक्त सिरप के कुल 8 नमूने लिए जा चुके हैं। जांच के दौरान दोनों प्रतिबंधित औषधियों का कोई स्टॉक नहीं पाया गया है।

## त्योहारों को लेकर प्रतिष्ठानों पर की गई खाद्य सामग्रियों के सैंपल की जांच

चलित खाद्य प्रयोगशाला ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा गुरूवार को खिरकिया के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों के सैम्पल की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सिंगाजी डेयरी से पनीर व मावा, वंदना उपहार गृह से मोतीचूर लड्डू, बेसन लड्डू, पेड़ा, मिल्क केक व मावा बर्फी, सत्कार उपहार ग्रह से मिल्क केक, पेड़ा, बादाम बर्फी व मलाई बर्फी, तथा राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, मावा बर्फी, मलाई लड्डू, बेसन लड्डू, मावा व काजू कतली के सैंपल लेकर खाद्य प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया। इसके बाद सिंगाजी डेयरी से दूध का लीगल सैम्पल तथा वंदना उपहार गृह से 3 सर्विलेंस सैंपल लिये गये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले केमिस्ट हेमंत कीर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

20 संकुलों पर 15 अक्टूबर तक खेल प्रतियोगिताएं होंगी

## सांसद खेल महोत्सव में गतिविधियों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सांसद खेल महोत्सव के तहत हरदा जिले के 20 संकुलों पर 15 अक्टूबर तक कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस दौरान क्लस्टर स्तर पर खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, तैराकी व पिट्ठू खेलों का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि बुधवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत संकुल स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारम्भ की गई है। प्रथम दिवस शास हाई स्कूल नीमगांव, शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक शाला चारखेड़ा व उच्चतर माध्यमिक शाला सिराली में एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी तथा वालीबॉल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रत्येक ब्लॉक पर लगभग 300 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। सुश्री खान ने बताया कि संकुल पर बनी समिति में संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक एवं सचिव ने प्रतियोगिता संपन्न कराई। संकुल पर चयनित खिलाड़ी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

#### आज खेड़ा, रहटगांव, टिमरनी व मांदला में प्रतियोगिताएं

10 अक्टूबर को हरदा के खेड़ा, टिमरनी के शासकीय कन्या शाला रहटगांव व उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी तथा खिरकिया के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांदला में क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।